सब जूनियर नेशनल वूमेन हॉकी प्रतियोगिता 2024 तेलंगाना
मध्यप्रदेश बालिका हॉकी टीम मिजोरम को 3–2 हराकर
सब जूनियर नेशनल के फायनल में पहुंची
खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी बधाई

भोपाल 5.12.2024

दिनांक 26 नवम्बर से 6 दिसम्बर 2024 तक सब जूनियर नेशनल वूमेन हॉकी प्रतियोगिता 2024 का आयोजन सिकंदराबाद तेलंगाना में किया जा रहा है। तेलंगाना में आयोजित इस हॉकी प्रतियोगिता का सेमीफायनल मुकाबला मध्यप्रदेश और मिजोरम के मध्य खेला गया। जिसमें मध्यप्रदेश के बालिका हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन कर मिजोरम की टीम को 3–2 के करीबी अंको से परास्त कर फायनल मुकाबले में जगह बनाई। मध्यप्रदेश की तरफ से नाज नोशिन ने 13वें मिनिट में , रूबी राठौर ने 32 मिनिट में और तन्वी 56वें मिनिट में गोल किया। मिजोरम की टीम से रूथी लालावमजुअली ने तीसरे मिनिट में और कप्तान लालतलानचंगी ने 52 वें मिनिट में गोल किया। मध्यप्रदेश ने तन्वी के गोल से बढत बनाते हुये फायनल मुकाबले में प्रवेश किया। उल्लेखनीय है मध्यप्रदेश की टीम मुख्य प्रशिक्षक श्री परमजीत सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणरत है।

प्रतियोगिता का फायनल मुकाबला कल दोपहर 01:00 बजे मध्यप्रदेश और झारखण्ड की टीम के मध्य खेला जायेगा।

प्रदेश के खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने मध्यप्रदेश बालिका हॉकी टीम के फायनल मुकाबले में पहुंचने पर खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन की सराहना करते हुये अपनी बधाई एवं फायनल मुकाबले के लिए शुभकामनाऐं दी है।

———————